हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 7.0 डिग्री


11 रैली को लेकर प्रदेशवासियों में उत्साह: जयभगवान





11 नाले ओवरफ्लो, जींद-असंध मार्ग पर दूषित पानी, हादसों का खतरा




## खबर संक्षेप

### ट्रक और पिकअप की भिड़ंत में एक की मौत

**जींद।** गोहाना मार्ग पर निडानी गांव के पास कंटेनर और पिकअप की भिड़ंत में हुई वृद्ध की मौत के मामले में पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुनाम (पंजाब) निवासी शक्ति अपने सहायक शमशेर के साथ पिकअप लेकर बुधवार को गोहाना की तरफ जा रहा था।

### कैथल: कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि 12 दिसंबर को दोपहर 12:15 आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज करेंगे।

### दो लाख का सरिया और बिजली का सामान चोरी

**जींद।** नया बस अड्डा के पास निर्माणाधीन प्लाट से सरिया, बिजली सहित अन्य कीमती सामान चोरी करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। विजय नगर निवासी सुरेंद्र लोहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका नए बस अड्डे के पास प्लाट है। नौ दिसंबर शाम को वह घर चले गए थे। अगले दिन पहुंचे तो एक लाख का सरिया, 80450 रुपये का बिजली का सामान, सबमर्सिबल की मोटर और मेटेरियल लिफ्टर की मोटर नही मिली।

### खेतों से हजारों की बिजली की तार चोरी

**कैथल।** कलायत पुलिस ने किसानों की खेतों से केबल तार चोरी करने का मामला दर्ज किया है। सजुमा के सचिन ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 दिसंबर की रात को चोर उसके वह उसके आसपास के पड़ोसियों की करीब 608 फीट केबल की तार चुरा कर ले गए। चुराए गए तार की कीमत करीब 30000 बताई गई है।

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाकर हड़पे 28 हजार

**जींद।** सफीदों क्षेत्र के गांव कुरड़ में एक व्यक्ति ने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर 28 हजार रुपये हड़पने पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुरड़ निवासी गुरविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही अमरजीत से उनके रिश्तेदार सतनाम सिंह वासी बड़ौद, सफीदों जो विदेश में रहता है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल, केस

**कैथल।** कलायत के सजुमा रोड पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। कलायत के गौरव ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 दिसंबर को जब उसका ताऊ मामराज उर्फ मामू सजुमा रोड से जा रहा था तो शमशेर नामक व्यक्ति ने अपने टेंपो को लापरवाही से चलते हुए उसके ताऊ को टक्कर मार दी।

### पोल लगाने को लेकर हुई फायरिंग में मामला दर्ज

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने जवाहर नगर में बिजली का पोल लगाने के दौरान दो पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर फायरिंग करने पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### पिता-पुत्र के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**कैथल।** थाना गुहला पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर पिता पुत्र के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। गुहला पुलिस को देश में एक युवती ने आरोप लगाया है कि 26 फरवरी को संजीव और उसके पिता बनवारी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल रेनू ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

*न हो रहे ऑपरेशन, जनरल सर्जरी व अल्ट्रासाउंड, लगातार गिर रही नागरिक अस्पताल में ओपीडी की संख्या*

# नौसिखिए कर रहे उपचार, आमजन मजबूर

**देर रात सरकार ने मांगें मानी, हड़ताल समाप्त, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) एसो. ने दिया था हड़ताल को समर्थन**


**आयुष विभाग ओपीडी की तरफ रूख कर रहे मरीज, बढ़ी ओपीडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामान्य अस्पताल में हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसो के आह्वान पर चिकित्सकों की हडताल गुरूवार देर रात खत्म हो गई। चार दिन से हड़ताल के कारण मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। अस्तालों में डॉक्टर नहीं होने से दर-दर भटकना पड़ रहा था। इससे पहले चौथे दिन एसो के समर्थन में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नागरिक अस्पताल पहुंचे और प्रधान बिजेंद्र ढांडा को समर्थन पत्र सौंपा। सीएचओ के एचसीएमएस एसो के समर्थन में आने से अब गांवों की स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रभाव पड़ सकता है। वहीं प्रधान बिजेंद्र ढांडा एसोसिएशन के बुलावे पर चंडीगढ़ गए और सरकार से वार्ता की। चिकित्सकों की हड़ताल को देखते हुए प्रदेश सरकार ने एस्मा लगाते हुए हड़ताल पर छह महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही काम नहीं तो वेतन नहीं का आदेश भी जारी किए गए हैं। जिसके बाद हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेन एसो अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी थी। गुरूवार को भी डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से न तो ऑपरेशन हुए और न ही जनरल सर्जरी व अल्ट्रासाउंड हो सके। पोस्टमार्टम और आपातकालीन व ओपीडी सेवाएं बाहर से बुलाए गए डॉक्टरों ने ही संभाली। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि एचसीएमएस द्वारा कई बार अपील करने के बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा बातचीत या समझौते का कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया। इसके बाद राज्य कार्य समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि एचसीएमएस संवर्ग के सभी डॉक्टर अनिश्चित काल के लिए सभी प्रकार की चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह से बंद रखेंगे। जब तक कि हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती या सरकार के साथ बातचीत के माध्यम से कोई सहमति नही बन जाती विरोध जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने डेढ़ साल पहले दोनों मांगें स्वीकार की थी लेकिन अब तक लागू नहीं किया। यह डॉक्टरों के सम्मान और हक की लड़ाई है। लगभग सभी डॉक्टर आंदोलन के साथ हैं और एस्मा के बावजूद पीछे नहीं हटेंगे।



जींद। चिकित्सकों को हड़ताल का समर्थन देते सीएचओ अधिकारी।



जींद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी के लिए स्लिप कटवाते हुए लोग।



जींद। इमरजेंसी में उपचार करते हुए व सीखते हुए नर्सिंग छात्राएं।

#### किसी चिकित्सक को नहीं दिया नोटिस


सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि हडताल पर रहे किसी भी चिकित्सक को अभी तक कोई नोटिस नही दिया गया है। फिलहाल अस्पताल में ओपीडी व्यवस्था पहले की तरह ही सुचारू है। किसी भी मरीज को उपचार के लिए परेशानी नही आने दी गई है।

#### बगैर अल्ट्रासाउंड लौटे मरीज

अल्ट्रासाउंड केंद्र से मरीज खाली हाथ लौट रहे हैं। नशे के मरीजों को दवाएं नही मिल पा रही है। सर्जरी नही हो पा रही है। ओपीडी में लगातार गिरावट आ रही है। पहले जहां करीब 2000 मरीज इलाज को आते थे वहीं यह संख्या 1100 तक रह रही है। अल्ट्रासाउंड केंद्र चार दिन से बंद हैं। इसके चलते अल्ट्रासाउंड के लिए वेटिंग बढने लगी हैं। इलाज न मिलने पर गंभीर मरीजों को पीजीआई रेफर करना पड़ रहा है।

#### अस्पताल में मिलने लगा बस परामर्श

इस समय नागरिक अस्पताल के हालात यह हैं कि यहां अस्पताल प्रशासन ने स्थिति को संभालने के लिए ईएसआई से, एनएचएम, बीएमएस डॉक्टरों को बुला कर उपचार सेवा शुरू की गई है। विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवाएं नहीं मिलने की वजह से मरीजों की सामान्य जांच कर उन्हें दवाइयां लिखी जा रही हैं। अस्पताल में उपचार को लेकर परामर्श तो मिल रहा है लेकिन गंभीरता पर उसे सीधे पीजीआई का रास्ता दिखाया जा रहा है। इस समय इमरजेंसी में ईएसआई अस्पताल से डा. सुभाष जागलान को ड्यूटी पर लगाया गया है। शिशु रोग विशेषज्ञ पर डा. राकेश शर्मा आयुष्मान से, गायनी से डा. निशा तथा डा. रेनू ने मरीजों को देखा। इसके अलावा अस्पताल में कोई ओपीडी चालू नही रही। ऐसे में चिकित्सकों की हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता के चलते न केवल ओपीडी में भारी कमी आई है बल्कि महत्वपूर्ण ऑपरेशन और जांचें भी टालनी पड़ी हैं।



जींद। हड़ताल के चलते अस्पताल में खाली पड़ी कुर्सियां।

#### लगातार ओपीडी में आ रही गिरावट

चिकित्सकों ने आठ दिसंबर से अपनी हडताल की शुरूआत की थी। तब से लेकर अबतक लगातार ओपीडी में गिरावट आ रही है। आठ दिसंबर को 1320, नौ दिसंबर को 1062, दस दिसंबर को 1167, तथा 12 दिसंबर गुरूवार को 1143 ओपीडी रही। वहीं अब लोग उपचार के लिए आयुष विंग की तरफ रूख कर रहे हैं। हडताल के चलते यहां 30 प्रतिशत तक ओपीडी में उछाल आया है। पहले जहां 200 मरीज ओपीडी में आते थे वहीं अब 250 से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं।

---

### रोजगार कार्यालय परिसर में आज लगेगा रोजगार मेला

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजु नरवाल ने बताया कि 12 दिसंबर शुक्रवार को रोजगार कार्यालय परिसर में सुबह दस बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में एसआईएस सिक्योरिटी व यूबीईआर कंपनी के नियोजकों द्वारा भाग लिया जाएगा। इस मेले में नियोजकों द्वारा प्रार्थियों को सिक्योरिटी गार्ड व ड्राइवर के पदों के लिए चयन किया जाना है। प्रार्थियों की योग्यता कम से कम दसवीं, बारहवीं पास व ड्राईवर के लिए ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। प्रार्थी की आयु 19 वर्ष से 42 वर्ष तक, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर होनी चाहिए। प्रार्थी को सिक्योरिटी गार्ड के लिए वेतनमान 18 हजार से 20 हजार रुपये, ड्राइवर के लिए वेतमान 22 हजार प्लस ईटीसी देय होगी। नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया निशुल्क रहेगी । सभी प्रार्थी अपने साथ रोजगार पंजीकरण कार्ड व अन्य योग्यता संबंधित कागजात लाना सुनिश्चित करें। सभी प्रार्थियों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रोजगार मेले में भाग लें।



राजौंद। रोहेडा मार्ग पर प्राइवेट स्कूल के सामने सड़क पर भारा दूषित पानी।

#### दूषित पानी की निकासी न होने से लोग परेशान

**राजौंद।** रोहेड़ा मार्ग पर पानी की निकासी न होने से सारा गंदा पानी सड़क के साथ जमा हो जाता है। इसके अलावा कुछ किसानों की फसले भी इसकी वजह से खराब हो जाती हैं। दूसरा यहां एक निजी स्कूल भी है जहां सैकड़ो बच्चें शिक्षा ग्रहण करते हैं और उन्हें भी पानी की दुर्गंध से परेशानी होती है। प्रशासन द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। मार्ग के साथ लगते घरों से आने वाला सारा पानी यहां एक खाई में जमा हो जाता है जो ओवरफ्लो होकर खेतों के साथ-साथ सड़क पर भी भर जाता है और इससे सड़क भी टूट रही है। दूसरा यहां एक प्राइवेट स्कूल के सामने गंदा पानी होने से विद्यार्थियों को बहुत परेशानी हो रही है। लोगों ने प्रशासन से कई बार मांग की है कि पानी निकासी की कोई स्थाई व्यवस्था की जाए। लेकिन वही डाक के तीन पात वाली बात बनकर रह गई है। पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही।

## जनवादी महिला समिति ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की लूट के खिलाफ जताया रोष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष सावित्री ने कहा कि प्रदेश में मंहगाई और बेरोज़गारी चरम पर है। हालात इतने खराब हैं कि महिला - पुरूष दोनों की कमाई से भी घर खर्च पूरे नहीं हो रहे, कमरतोड़ मेहनत के बावजूद खाना-पीना, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, शादी आदि पर होने वाले खर्च जुट नहीं पा रहे। नतीजतन किसान, खेत मजदूर और मजदूर क़र्ज़ों के बोझ तले दब रहे हैं। बिना गारंटी के सरकारी बैंकों से कर्ज मिलना मुश्किल होता है, परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में महिलाएं माइक्रोफाइनेंस कंपनियों और प्राइवेट बैंकों के जाल में फंस रही हैं। यह कंपनियां मनमाना ब्याज, मनमानी किश्तें और मनमाने जुर्माने वसूल रही हैं। कंपनी वाले घर आकर धमकियां देते हैं, बेइज्जत करते हैं, घर का सामान उठा ले जाते हैं, महिलाओं को यौन शोषण तक झेलना पड़ता है। इन स्थितियों में महिलाएं वेश्यावृत्ति की तरफ भी धकेली जा रही हैं और आत्महत्याएं भी कर रही हैं।



राजौंद। तहसीलदार को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### बिना गारंटी कर्ज नहीं

जनवादी महिला समिति की जिला कोषाध्यक्ष शर्मिला पिलखन ने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद इन माइक्रोफाइनेंस कंपनियों को लूट की खुली छुट दे दी है। ब्याज दर की उपरी सीमा को हटा दिया है। सरकारी बैंक जो आम महिलाओं को बिना गारंटी के कर्ज नहीं दे रहे, वो इन कंपनियों को बहुत कम ब्याज दर भारी कर्ज दे रहे हैं। इस मुद्दे पर जनवादी महिला समिति ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। संगठन ने मांग की कि महिलाओं का गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करवाने के लिए माइक्रो फाइनेंस की लूट पर रोक लगाने महिलाओं के कर्जे माफ करने, केरल के कुटुम्बश्री कार्यक्रम की तर्ज पर राज्यों में स्वयं सहायता समूहों को फंडिंग का विस्तार करने, ब्याज दर प्रति वर्ष 12 % से अधिक ना हो।

## स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, 6 युवक बाल-बाल बचे

**हादसा इतना जोरदार था कि आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

मालवी रोड पर बुधवार देर शाम एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जब एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना जोरदार था कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए लेकिन गनिमत रही कि वाहन में सवार सभी छह युवक सुरक्षित बच निकले। उन्हें केवल मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार नरवाना निवासी हरेंद्र अपने पांच अन्य साथियों के साथ स्कोर्पियो में जुलाना से मालवी की ओर जा रहा था। जैसे ही उनकी गाड़ी मालवी की माइनर के पास पहुंची तो अचानक सड़क पर एक नील गाय आ गई। जानवर को बचाने के प्रयास में हरेंद्र ने गाड़ी मोडऩे की कोशिश की लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में लगे एयरबैग खुल गए जिससे सवारों की जान बच गई। सभी घायलों को तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## अप्रैल में अलॉट नए बस स्टैंड की पार्किंग को ठेकेदार ने छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बस अड्डा परिसर में पिछले तीन महीने से पार्किंग का ठेका खाली है। पिछले दिनों बस स्टैंड परिसर में बूथ के सामने खड़ी एक परिचालक की बाइक भी चोरी हो चुकी है। यात्रियों को उम्मीद थी कि पार्किंग अलॉट होने के बाद बस स्टैंड से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा लेकिन अब तो परेशानी और बढ़ गई है। लगभग साढ़े तीन साल पहले पांडू पिंडारा में नया बस स्टैंड शिफ्ट हुआ था। यात्रियों व अन्य कर्मचारियों के लिए पीछे की तरफ बढ़ी जगह में पार्किंग की सुविधा है। पार्किंग अलॉट नही होने के चलते यात्रियों की बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी। पिछले तीन साल में बस स्टैंड के आसपास से करीब आधा दर्जन बाइक चोरी हो चुकी हैं। ऐसे में अप्रैल की शुरुआत में नए बस स्टैंड पर वाहनों के लिए पार्किंग का ठेका दिया गया था। ठेकेदार को प्रतिमाह 62 हजार रुपये की ठेका राशि निर्धारित की गई थी। साइकिल के पांच, बाइक के 10 व कार आदि खड़ा करने पर 20 रुपये की फीस निर्धारित की गई थी। ठेकेदार को प्रतिमाह ठेका राशि विभाग को देनी पड़ती थी वह ज्यादा थी। जुलाई में ठेकेदार पार्किंग का ठेका छोड़कर चला गया है।

#### पार्किंग फिर से शुरू की जाए

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि ठेकेदार अब बीच में ही जा चुका है। ऐसे में प्रयास रहेगा कि पार्किंग फिर से शुरू की जाए। रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। बस स्टैंड परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए अप्रैल में पार्किंग शुरू की गई थी।

## जर्जर लेंटर तोड़ रहे मजदूर की मलबे के नीचे दबने से मौत

- गांव बिशनपुरा में घटना, सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बिरौली रोड पर गांव बिशनपुरा में गुरूवार सुबह जर्जर लेंटर तोड़ने के दौरान मलबे के नीचे दबने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्याम नगर निवासी मोनू (28) गुरूवार को लेबर के साथ गांव बिशनपुरा स्थित अरिहंत फाइबर फैक्टरी में जर्जर लेंटर को तोडऩे गए थे। इसी दौरान मोनू ने लैंटर को तोड़ने का प्रयास कर रहा था तो अचानक से लेंटर का मलबा नीचे आ गिरा। इसी मलबे के नीचे दब कर मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजूदर उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई कुलवंत ने बताया कि जब उन्होंने साथी मजदूरों से बात की तो पता चला कि लेंटर जर्जर हालात में था। जिसे मजदूर तोड़ने से मना कर रहे थे लेकिन ठेकेदार की जिद के चलते मजदूर लैंटर तोड़ने के लिए राजी हो गए।

---

**खाली प्लॉटों को वाणिज्यिक बताकर टैक्स लगाए जाने पर लोगों में रोष**

# सीवनवासियों का टैक्स नोटिस के कारण हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सीवन नगर में हाल ही में नगर पालिका द्वारा बड़ी संख्या में भेजे गए टैक्स नोटिसों ने स्थानीय नागरिकों में नाराजगी की लहर पैदा कर दी है। निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका ने मनमाने तरीके से खाली प्लॉटों को भी वाणिज्यिक श्रेणी में दिखाकर लाखों रुपये का टैक्स थोप दिया है, जबकि उन प्लॉटों पर न कोई दुकान है और न ही कोई निर्माण कार्य हुआ है। खाली प्लॉट को वाणिज्यिक दिखाकर लाखों का टैक्स निवासी नरेंद्र सैनी, राजेंद्र सैनी और सुरेश सैनी ने बताया कि उनका प्लॉट पूर्णतः खाली है, इसके बावजूद उन्हें 2,26,000 का टैक्स नोटिस भेजा गया है। उनका कहना है कि जब प्लॉट पर न कोई व्यवसाय है और न ही निर्माण, तो उसे वाणिज्यिक बताकर टैक्स लगाना प्रशासन की मनमानी है। उन्होंने कहा कि यह नगरपालिका नहीं, नरक पालिका है। इसी प्रकार अधिवक्ता अनिल सैनी, राम रतन सैनी और सतीश सैनी ने भी आरोप लगाया कि उनके खाली प्लॉट को वाणिज्यिक संस्थान दिखाते हुए 2,08,000 का टैक्स थोप दिया गया है। उन्होंने इसे स्पष्ट रूप से गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताया। नगरवासियों ने बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर भी नगर पालिका को कटघरे में खड़ा किया।

#### ग्राम पंचायत लागू की जाए

टैक्स नोटिसों से नाराज लोगों ने जिला प्रशासन व राज्य सरकार से मांग की कि नगर पालिका को भंग कर दोबारा ग्राम पंचायत प्रणाली लागू की जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर विकास की राह फिर से सुगम हो सके। साथ ही गलत श्रेणी के आधार पर भेजे गए सभी टैक्स नोटिस रद्द करने और पूरे मामले की जांच की भी मांग की गई।

#### जल्द समाधान होने की उम्मीद

नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि बकाया टैक्स वालों को ही नोटिस भेजे गए हैं। यदि किसी को आपत्ति है तो वह ऑनलाइन माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सीवन में कॉलोनी को ऑथराइज्ड दिखाने के लिए प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा गया है, और समस्या का जल्द ही समाधान होने की उम्मीद है।

#### साफ-सफाई का अभाव

चंद्रभान सैनी, जोगी सैनी और सुरेंद्र नागपाल सहित कई लोगों ने बताया कि पिछले चार वर्षों में न नई स्ट्रीट लाइटें लगीं, न गलियों की मरम्मत हुई, नाली-सीवरेज की स्थिति बदहाल है और सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह लचर है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जब नपा विकास कार्य नहीं कर रही, तो जनता पर टैक्स का पहाड़ क्यों तोड़ा जा रहा है।



सीवन। बिजली बोर्ड में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

#### एसडीओ की कार्यशैली के विरोध में रोष प्रदर्शन

**सीवन।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन, संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की सब यूनिट सीवन ने आज लगातार 18वें दिन बिजली बोर्ड के एसडीओ की कथित तानाशाही व कर्मचारी-विरोधी नीतियों के खिलाफ गेट मीटिंग कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। बैठक की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान जसवीर सिंह ने की तथा मंच संचालन सचिव जोगिंद्र पाल ने किया। मीटिंग को विशेष रूप से समर्थन देने पहुंचे सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान सुरेंद्र पहलवान और स्टेट उपप्रधान स्वराज सिंह ने कर्मचारियों की समस्याओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। यूनियन नेताओं ने बताया कि एसडीओ सीवन द्वारा तकनीकी कर्मचारियों को फील्ड में न भेजकर दफ्तर में बैठाए रखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र में काम कर रहे सहायक लाइनमैन को अकेले ड्यूटी करनी पड़ रही है। विभागीय नियमों के अनुसार सहायक लाइनमैन से अकेले ड्यूटी नहीं करवाई जा सकती। कच्चे कर्मचारियों को अकेले फील्ड में भेजा जा रहा है।

# ये हैं दुनिया के सुपर कोल्ड प्लेसेस

अमेजिंग
शिखर चंद जैन

बच्चो, जाड़े के मौसम में जब टेंपरेचर 5-10 डिग्री सेल्सियस के आस-पास तक पहुंच जाता है तो हमें जोरों की ठंड लगने लगती है। जरा सोचो, अगर टेंपरेचर माइनस 80-90 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाए, तो क्या होगा? सोचकर ही कंपकंपी छूट गई न! दुनिया की कुछ ऐसी ही जगहों के बारे में हम बता रहे हैं, जहां पड़ती है कड़ाके की ठंड।





## पूर्वी अंटार्कटिक पठार अंटार्कटिका

**पूर्वी अंटार्कटिक** पठार, जिसे अंटार्कटिक पठार या किंग हाकोन सेवेन पठार भी कहा जाता है, पूर्वी अंटार्कटिका के लगभग दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ है। यह पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है। यहां अब तक का न्यूनतम तापमान -94.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसकी जलवायु अत्यधिक ठंडी और शुष्क है। यह एक विशाल महाद्वीपीय पठार है, जो लगभग 3,000 मीटर (9,800 फीट) की औसत ऊंचाई पर स्थित है। यह पठार एक मोटी, स्थाई बर्फ की चादर से ढंका हुआ है, जिसकी मोटाई कुछ जगहों पर साढ़े चार किलोमीटर तक हो सकती है। अत्यधिक ठंड के कारण यहां कोई जीव-जंतु नहीं पाए जाते हैं। यहां के कुछ तटीय क्षेत्रों को छोड़कर, वनस्पतियों के रूप में केवल लाइकेन और मॉस ही पाए जाते हैं। *

## याकुत्स्क-साइबेरिया रूस



**रूस के** साइबेरिया में स्थित याकुत्स्क शहर दिसंबर के महीने में पूरी तरह से आइसक्रीम की तरह जम जाता है। इस महीने इस शहर का तापमान -31 से -41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाता है। यहां महज चार घंटे के लिए सूरज की रोशनी मिलती है। याकुत्स्क को दुनिया का सबसे कम तापमान वाले शहर का खिताब मिला हुआ है। 5 फरवरी 1891 को यहां अब तक का सबसे कम तापमान -64.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। याकुत्स्क में पर्माफ्रॉस्ट का अनुभव होता है। पर्माफ्रॉस्ट का मतलब ठंडे तापमान के कारण जमीन का स्थायी रूप से जम जाना होता है। इस शहर की कुल आबादी 3 लाख 55 हजार है। *



## वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका

**वोस्तोक अनुसंधान** केंद्र की स्थापना सोवियत संघ (पूर्व में रूस और कुछ अन्य देशों का संघ) ने 1957 में की थी। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, दक्षिणी गोलार्ध के इस क्षेत्र में जुलाई 1983 में अब तक का न्यूनतम तापमान -89.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है। यहां प्रति वर्ष लगभग 20 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन यहां पानी नहीं बर्फ बरसती है। *

## क्लिंक स्टेशन ग्रीनलैंड

**क्लिंक मौसम** केंद्र, आर्कटिक सर्कल का सबसे ठंडा स्थान है। मध्य ग्रीनलैंड में स्थित क्लिंक स्टेशन में साल 1991 के दिसंबर में -69.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो ओम्याकॉन के पिछले रिकॉर्ड से -2 डिग्री सेल्सियस कम है। बच्चो, चिंता की बात यह है कि अत्यधिक ठंड के बावजूद, ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ पिघल रही है। *





## ओम्याकॉन-साइबेरिया रूस

**आर्कटिक सर्कल** के उत्तरी ध्रुव पर स्थित ओम्याकॉन पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थाई रूप से बसा हुआ स्थान है। 1933 में यहां का न्यूनतम तापमान -67.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यहां सर्दियों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान लगभग -50 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। 500 से कम आबादी वाले इस शहर में स्कूल केवल तभी बंद होते हैं, जब तापमान -55 डिग्री सेल्सियस से कम हो। यहां की अत्यधिक ठंड का एक कारण यह है कि यहां की पहाड़ियां ठंडी हवा को अंदर आने देती हैं और गर्म हवा को बाहर रखती हैं। इसके अतिरिक्त, दिन के समय यहां बहुत कम उजाला रहता है, जिससे तापमान और भी गिर जाता है। *

## एमंडसन-स्कॉट स्टेशन अंटार्कटिका

दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, एमंडसन-स्कॉट स्टेशन 1956 में बनाया गया था। यहां गर्मियों में छह महीने धूप और सर्दियों में छह महीने पूरी तरह अंधकार



रहता है। पूर्वी अंटार्कटिक पठार के इस हिस्से में जून 1982 में सबसे कम तापमान -82.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस स्टेशन का औसत वार्षिक तापमान लगभग -49.4 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। यह दुनिया के सबसे दक्षिणी अनुसंधान केंद्रों में से एक है, जो अंटार्कटिका के ठंडे वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां खगोल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और जलवायु परिवर्तन जैसे विविध विषयों पर शोध किए जाते हैं। *

# न ही नीला, न ही गाय फिर क्यों कहते हैं नीलगाय?

बच्चो, नीलगाय का नाम सुनकर ऐसा लगता है जैसे, यह कोई ऐसी गाय होगी, जिसका रंग नीला होता होगा। या नीले रंग की गाय होती होगी। लेकिन ऐसा नहीं है! जानो, नीलगाय के बारे में कुछ बातें।



जीव जंतु
नयनतारा

बच्चो, नीलगाय एक ऐसा जानवर है, जिसका नाम उसके गुणों से मेल नहीं खाता। नीलगाय न तो नीला होता है और न ही यह गाय है। तो फिर इस पशु को नीलगाय क्यों कहते हैं? क्या हैं इसकी शारीरिक विशेषताएं, जानो।



**रंग अलग-रूप अलग:** नीलगाय के शारीरिक रंग की बात करें तो इसका रंग इसके नाम के अनुरूप नीला नहीं, बल्कि स्लेटी या धूसर होता है। दूसरी बात कि यह गाय जैसा नहीं बल्कि घोड़े की तरह दिखाई देता है। हालांकि यह घोड़े की तरह तेज नहीं दौड़ पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि नीलगाय का पिछला हिस्सा अगले हिस्से से कम ऊंचा होता है।

**नीलगाय नाम क्यों पड़ा:** बच्चो, तुम सोच रहे होगे कि कलर और शारीरिक संरचना में इतना अंतर होने के बावजूद इसका नाम 'नीलगाय' क्यों पड़ा? दरअसल, इसका स्लेटी या धूसर रंग दूर से देखने पर 'नीला' दिखाई देता है। रंग की बात समझने के बाद अब यह भी जान लो कि इसके नाम में 'गाय' क्यों जोड़ा गया? इसका कारण यह है कि मादा नीलगाय अपने भूरे रंग के कारण गाय की तरह दिखती है। इन्हीं दो कारणों से इसे नीलगाय कहा जाता है। वैसे वैज्ञानिक तौर पर इसे हिरण परिवार का सदस्य माना जाता है।

**क्या नीलगाय हिंसक होता है:** बच्चो, हर जीव-जंतु की अपनी एक विशेषता होती है। कुछ काफी खतरनाक होते हैं, तो कुछ का स्वभाव बेहद शांत होता है। नीलगाय की बात करें, तो यह आमतौर से शांत स्वभाव का पशु है। लेकिन इसे छेड़ने पर यह घोड़े की तरह दुलत्ती भी मार सकता है। वैसे, नीलगाय दूर से देखने में बहुत ही प्यारा लगता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## बाल गीतों का मनभावन संग्रह

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए शिशु और बाल गीतों का एक प्यारा-सा संग्रह आया है, नाम है-कुहू। इसके रचनाकार हैं राजा चौरसिया। इस संग्रह में कुल 40 गीत संकलित हैं। इस संग्रह में गीतों का संकलन कुछ ऐसा है कि इसे पढ़-सुनकर हर उम्र के बच्चे को आनंद आएगा। इसमें अलग-अलग विषयों पर गीत हैं। 'कुहू', 'बंदर और बंदरिया', 'गोलू और गधा', 'तुलसी', 'भूमि की महिमा', 'ज्ञान और विज्ञान', 'ओ पापा!', 'मम्मी ने कहा', 'ओ मेरी नानी!', 'दादा जी', 'हम', 'होली आई रे!', 'उत्सवी उत्साह' जैसे गीत तुम्हें खूब भाएंगे। इनमें से कुछ में तुम्हें प्रकृति और पर्व-त्योहार की झलक मिलेगी। कुछ गीत तुम्हें प्यारी-सी सीख भी देंगे। संग्रह में 'कुहू' जैसे कुछ गीत बहुत ही छोटे हैं तो 'बचपन के दिन : ताक-धिनाधिन' जैसे थोड़े बड़े गीत भी हैं। इन गीतों को पढ़कर, गुनगुनाकर, अपने छोटे भाई-बहनों को सुनाकर तुम्हें बहुत मजा आएगा। इस संकलन में बाल गीतों के साथ उनसे मेल खाते सुंदर और मोहक चित्र भी छपे हैं। *



**किताब :** कुहू (शिशु एवं बाल गीत), **लेखक :** राजा चौरसिया,
**मूल्य :** 125 रुपए, **प्रकाशक :** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## बूझो तो जानें

1
कांच के लेंस में मैं बैठा हूं
दूर को पास दिखाता हूं।
गगन, चंद्रमा,नक्षत्रों के
गुप्त रहस्य बताता हूं।

2
न जल हूं, न कोई धार
फिर भी बहती हर घर-बार।
चमक दिखाऊं, काम कराऊं
मुझसे चलें मशीन हजार।

3
आंखों को न दिखाई देती
रहूं रात-दिन सबके पास।
पेड़ों की पत्तियां हिलाती
मुझसे ही लेते सब श्वास।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.दूरबीन, 2.बिजली, 3.हवा

## जीके क्विज-183

1. वर्ष 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के किस राज्य में आयोजित किया जाएगा?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. चींटियों के काटने से किस एसिड के कारण जलन होती है?
4. फिडे वर्ल्ड कप का संबंध किस खेल से है?
5. दुनिया में सबसे अधिक ज्वालामुखी (वॉल्केनो) वाला देश कौन-सा है?
6. एफिल टॉवर किस शहर में स्थित है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे?
8. सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहले 'नेताजी' किसने कहा था?
9. मिट्टी का अध्ययन क्या कहलाता है?
10. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?



बच्चो, जीके क्विज-183 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-182 का उत्तर :** 1. गुरु तेग बहादुर, 2. लक्ष्य सेन, 3. आरिफ मोहम्मद खान, 4.तिरुवनंतपुरम, 5. हरिवंश राय बच्चन, 6.प्रोपेन और ब्यूटेन, 7.विटामिन-डी, 8.नेपाल, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.सहारा

**जीके क्विज-182 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, कनिका-रायपुर, अमन-दुर्ग, विकास-रोहतक, कार्तिक-महासमुंद, प्रवीण-बिलासपुर, रजत-भोपाल



कहानी
अंजना मनोज गर्ग

ठिठुरती सर्दी में गोलू रजाई में मुंह ढंके लेटा था। उसका स्कूल जाने का जरा भी मन नहीं था। तभी उसे लगा, उसकी रजाई उससे स्कूल जाने के लिए बोल रही है। गोलू को आश्चर्य हुआ कि रजाई बोल भी सकती है! क्या रजाई सचमुच गोलू से कुछ बोल रही थी, कोई सीख दे रही थी? पढ़ो, मजेदार कहानी।

# रजाई की सीख

सुबह के सात बज गए थे। गोलू था कि रजाई में से निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था। मम्मी, रसोई में खाना बनाते हुए उसे जगाने के लिए बार-बार आवाज लगा रही थीं, लेकिन उसका रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं हो रहा था। बाहर बहुत तेज सर्दी थी। उसके लिए स्कूल जाना और भी कठिन था।

'मम्मी अभी आएंगी, मीठी-मीठी बातें करेंगी और झट से रजाई हटाकर मुझे तैयार करके स्कूल भेज देंगी। उफ! इतनी सर्दी है, मैं स्कूल नहीं जाऊंगा।' गोलू रजाई के भीतर मन ही मन बुदबुदाया।

'क्या बुदबुदा रहे हो गोलू?' एक आवाज आई।


'हुं..ह.. कौन!' एकदम से आई आवाज से गोलू चौंका। उसने रजाई से सिर बाहर निकाल कर देखा, बाहर कोई नहीं था।

'अरे! बाहर क्या देख रहे हो गोलू? मैं यहां तुम्हारी रजाई बोल रही हूं।' हंसती हुई रजाई कुछ फैल गई।

गोलू सकपकाया, धीमे से बोला, 'तुम बोलती भी हो!'

'हां, मुझे बोलना पड़ता है, जब गोलू जैसे बच्चे मेरा गलत फायदा उठाते हैं।' रजाई प्यार से बोली।

'अरे, मैंने क्या गलत फायदा उठाया तुम्हारा?' गोलू ने चिढ़ते हुए रजाई से पूछा। 'देखो तो दिन चढ़ आया है। तुम्हारे स्कूल जाने का समय भी हो रहा है। तुम्हारी मम्मी तुम्हें जगाने के लिए कितनी देर से आवाज लगा रही हैं, लेकिन तुम हो कि मुझे छोड़ना ही नहीं चाहते हो।' रजाई बोली।



एआई इमेज

'सर्दी कितनी तेज है, ऐसे में स्कूल कैसे जाऊं? तुम्हीं बताओ रजाई।' गोलू ने अपनी बात रखी।

'ओह तो ये बात है! अच्छा गोलू, एक बात बताओ, अगर मम्मी भी सर्दी में मुझमें दुबकी रहें, पापा भी ऑफिस न जाएं और दूध वाला, सब्जी वाला, अखबार वाला और भी सभी लोग मुझमें यह सोचकर दुबके रहें-भई सर्दी बहुत ज्यादा है, हम कोई काम नहीं करेंगे, फिर?' रजाई ने गोलू से सवाल किया।

'अरे! रजाई, अगर मम्मी खाना नहीं बनाएंगी तो मैं, छोटी, पापा सब भूखे रह जाएंगे न।' नन्हे गोलू का ध्यान किसी में नहीं बस मम्मी पर ही अटका था।

गोलू की इस मासूमियत पर रजाई जोर से हंस पड़ी, उसने पूछा, 'और बाकी सब?'

'वो तो उनके अपने काम हैं, उनको तो करने ही हैं। लेकिन मैं तो अभी छोटा हूं न!' गोलू मुंह बना कर बोला।

'छोटे हो, तभी तो तुम्हें केवल एक ही काम करना है, स्कूल जाकर पढ़ाई। बाकी सारे काम तुम्हारे मम्मी-पापा कर ही रहे हैं।' रजाई ने गोलू से कहा।

'हां! अब मैं समझ गया, रजाई।' सिर झुकाए-झुकाए गोलू बोला।

'क्या समझे?' रजाई ने मुस्कुराते हुए जानना चाहा।

'यही कि मुझे रोजाना समय पर तैयार होकर स्कूल जाना चाहिए, चाहे कितनी ही सर्दी हो।' गोलू उत्साह से बोला।

'हां, वेरी गुड! तो अब पहला काम तुम्हें क्या करना है?' रजाई ने गोलू का मन टटोला।

गोलू तुरंत बोला, 'मुझे अभी आपको छोड़कर स्कूल जाना होगा, लेकिन इतनी सर्दी...!'

'तो मैं हूं ना, जब तुम स्कूल से आओगे तो मैं अपनी गर्म-गर्म गोद में तुम्हें फिर से समेट लूंगी, मेरे प्यारे गोलू।' गोलू की बात पूरी होने से पहले ही रजाई बोल पड़ी।

तभी गोलू ने जैसे ही रजाई से सिर निकाला तो पाया कि मम्मी उसे जगा ही रही हैं।

'ओह, तो यह मैं सपना देख रहा था! लेकिन कुछ भी हो, रजाई ने सीख अच्छी दी।' गोलू मन ही मन बोला।

गोलू स्कूल के लिए तैयार हुआ तो बेड पर तह बनी रजाई उसे दिखाई दी। उसे लगा, स्कूल के लिए तैयार होते देखकर रजाई मुस्कुरा रही है। *

कविता
मीरा सिंह 'मीरा'



## लाल परी

सपने में मिलने आई कल
प्यारी एक परी।
सुंदर-सुंदर पंखों वाली
लेकर हाथ छड़ी।।
पूछा मैंने नाम बताओ
बोली लाल परी।
लाल रंग के कपड़े पहनी
आंखें बड़ी-बड़ी।।
कानों में हंसकर वह बोली
बाहर तो निकलो।
परी लोक की सैर कराऊं
तुम भी साथ चलो।।
उड़ती-उड़ती जा पहुंची कल
परी लोक सच में।
पेड़ लगे थे चॉकलेट के
बागों में कितने।।

## रंग भरो-191

**रंग भरो-191** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



आशना, जांजगीर



अनन्या, महासमुंद



अंकित, धमतरी



अवनी, रायपुर




पयोनिधि, अंबिकापुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, प्रियंका-रायपुर, रितेश-मटियारी, डॉली-मटियारी, समृद्धि-शहडोल, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, सोनम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, अंकुश-करनाल, तुषार-बिलासपुर, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 192



बच्चो, यहां अपने क्यूट-से टेडी बियर को गोद में लेकर बैठी एक लड़की का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### मिठाई की दुकान से बर्तन-दो सिलेंडर चोरी

**जींद।** नया बस अड्डे के पास एक मिठाई की दुकान से चोरों ने बर्तन और दो सिलेंडर चोरी कर ले गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैनी मोहल्ला निवासी शोकिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नया बस अड्डा के पास सालासर मिष्ठान भंडार के नाम से मिठाई की दुकान चलाता है।

### खेत में ट्यूबवेल तार चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव तेलीखेड़ा के खेतों से चोरों द्वारा टयूबवैल की 70 फुट लंबी तार चोरी करने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तेलीखेड़ा निवासी आनंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने खेत में टयूबवैल लगाया हुआ है। आठ दिसंबर शाम को वह खेत से आया था। उस समय सब कुछ सही था लेकिन अगले दिन बाद जब वह खेत में पहुंचा तो टयूबवैल की 70 फुट लंबी तार गायब मिली।

### घर आए अतिथि को दुत्कारो मतः अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि जिस प्रकार लोहार की धोकनी पर लगी बिना सांस की खाल से लोहा अग्नि में तपाने से भस्म हो जाता है। इसी प्रकार जो लोग घर आए अतिथि को दीन हीन समझ कर उसे संतुष्ट न कर दुत्कार देते हैं वे उनकी बद दुआ से किसी भी समय नष्ट हो सकते हैं।

### कलीराम डीएवी स्कूल में मनाया स्पोर्ट्स फन गेम-डे

**जींद।** सफीदों के कलीराम डीएवी पब्लिक स्कूल में वीरवार को स्पोर्ट्स फन गेम डे मनाया गया। सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट व नन्हे, मुन्ने बच्चों ने शानदार मार्चपास्ट में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य से हुई। इसके बाद बच्चों ने डंबल एक्सरसाइज, सूर्य नमस्कार, क्लैपिंग योगा व योगासन का शानदार प्रदर्शन कर फिटनेस का संदेश दिया।

### नशे के खिलाफ जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**जींद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका की अध्यक्षता में एसडीएसएस के स्कूल गांव किलाजफरगढ़ में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने छात्रों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।

### सूची मिलान में मतदाता करें बीएलओ का सहयोग

**जींद।** भारत चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी के लिए वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं का मिलान वर्ष 2002 की मतदाता सूची से बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी दी।

### सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान 19 से

**जींद।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा निर्देशित सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 2025 अभियान का आयोजन 19 से 25 दिसम्बर तक किया जाएगा। नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि जींद में भी इस राष्ट्रीय अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियां होंगी सम्मानित

**जींद।** जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के विकास के क्षेत्र में निरन्तर कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों जिनके द्वारा खेल, सामाजिक, साहित्य, बहादुरी शिक्षा, स्वास्थ्य, वृक्ष रोपण इत्यादि के क्षेत्रों में अनुशसनीय उप्लब्धि हासिल कि गई है।

---

*नगूरावासी बोले- कई बार कर चुके शिकायत, नहीं हुआ हल*

# नाले ओवरफ्लो, जींद-असंध मार्ग पर दूषित पानी, हादसों का खतरा

*आए दिन दोपहिया वाहन चालक हो रहे दुर्घटना का शिकार*

**समाधान न होने से ग्रामीणों में जिला प्रशासन के प्रति रोष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



अलेवा। नगूरां गांव में जींद-असंध मार्ग पर नालों के पानी के चलते सड़क पर दिखाई देते बने गड्ढे। फोटो :हरिभूमि

नगूरां गांव में जींद-असंध मार्ग पर नालों के ओवरफलों होने के कारण गंदा पानी सड़क पर पहुंच चुका है, जिसके कारण दोपहिया वाहन चालक तथा पैदल चलने वाले लोग काफी परेशान हो चुके हैं। हालांकि गांव के लोग मामले को लेकर जिला प्रशासन के आलाधिकारी को कई बार अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में जिला प्रशासन के प्रति रोष है। गांव नगूरां निवासी प्रकाश, संजीव, विकास, संदीप, रामकेश, भीम, कुलदीप आदि ने बताया कि नगूरां गांव में जींद-अंसध मार्ग पर स्थित नालों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर पहुंच रहा है। सड़क पर पानी की अधिकता के चलते दुपहिया वाहन चालक तथा पैदल चलने वाले लोग आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। इसके लिए ग्रामीण उपायुक्त जींद या फिर संबंधित विभाग के अधिकारियों को सूचित कर चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर पानी की अधिकता के चलते बड़े-बड़े गडडे किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। जिला प्रशासन के अधिकारी समस्या का समाधान जल्द करने का केवल आश्वासन दे रहे हैं। अधिकारियों की लापरवाही तथा सड़क का पानी से लबालब होने के कारण इसमार्ग पर हादसों का ग्राफ बढ रहा है।

#### सड़क गड्ढों में तबदील

गांव के लोगों का कहना है कि सड़क पर हरदम नालों का पानी खड़ा होने के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गडडे बन गए हैं। रात के अंधरे में हाइवे पर तेज स्पीड में चल रहे वाहनों को गड्ढों के चलते अचानक से ब्रेक लगाना पड़ता है। जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। यही नहीं दोपहिया वाहन चालक तो गड्ढों में गिरकर चोटिल तक हो चुके हैं। नगूरां में हाइवे पर यह समस्या काफी पुरानी है लेकिन फिर भी विभाग कुंभकरणी नींद सोया हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के आलाधिकारियों से मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द समास्या का समाधान करने की मांग की है ताकि कोई बड़ी घटना न हो।

#### मामला पीडब्लयूडी से संबंधित

अलेवा बीडीपीओ जयपाल ने बताया कि यह मामला पीडब्लयूडी से संबंधित है। इसमें पंचायत विभाग कुछ नहीं कर सकता। मामले को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी ही समस्या का समाधान कर सकते हैं। नाले पंचायत के अधीन होने बाबत बात की गई तो उन्होंने पूरा मामला पीडब्लयूडी से संबंधित बताया।

---

# डीसी ने किया होली पथ स्कूल का दौरा



कैथल। डीसी अपराजिता होली पथ स्कूल की छात्राओं से बातचीत करते।

**कैथल।** रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से एवं अनहद एजुकेशन एंड हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी (हरियाणा) द्वारा शहर में होली पथ विशेष शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान संचालित किया जा रहा है, जिसमें 120 मूक बधिर बच्चों को शिक्षा की तालीम दी जा रही है। साथ ही यहां दिव्यांग बच्चों को जीने का सलीका भी सिखाया जाता है। विशेष बात यह है कि जिन बच्चों के मां बाप नहीं हैं, उनके लिए यहां पर हॉस्टल की सुविधा भी मौजूद है। वीरवार को डीसी अपराजिता ने इस स्कूल का दौरा किया और स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं, बच्चों की संख्या व हाल ही में पूरे किए विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

#### बहुत ही अच्छा शिक्षण संस्थान

निरीक्षण के दौरान डीसी अपराजिता ने बच्चों की संख्या के साथ-साथ उन्हें दी जा रही शैक्षणिक और बुनियादी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्कूल परिसर में एक-एक कमरे में जाकर निरीक्षण किया और अभी हाल ही में करवाए गए कार्य पर संतोष जताया। डीसी को संस्था सदस्यों ने बताया कि पहले जहां एक हाल में एक साथ बच्चे पढ़ते थे, अब उनके लिए अलग अलग कमरे बनाए गए हैं। जिससे बच्चों को काफी सुविधा मिली है। डीसी कैथल अपराजिता ने बताया कि होली पथ स्कूल विशेष बच्चों के लिए बहुत ही अच्छा शिक्षण संस्थान है। इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाया जा रहा है।



उचाना। छात्रा को सम्मानित करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो :हरिभूमि

### सुपर 100 कार्यक्रम बच्चों के लिए रामबाण

**उचाना।** उचाना राजकीय वमावि भौंगरा के प्रांगण में खंड स्तरीय बुनियाद तथा सुपर 100 कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। विशिष्ट अतिथि मार्केट कमेटी उचाना के अध्यक्ष सुरेंद्र खरकभूरा रहे। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी उचाना रणपाल श्योकंद ने की। अतिथियों का स्वागत प्रिंसिपल प्रवेश खापड़ा ने किया। विधायक ने कहा कि बुनियाद और सुपर 100 जैसे कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे गरीब तबके के बच्चों के लिए रामबाण का काम कर रहा है। आज गरीब का बच्चा सरकार की कल्याणकारी नीतियों के कारण आईआईटी और नीट की परीक्षाओं में स्थान स्थापित कर रहा है। विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे, पांच किलो वाट का सोलर पैनल तथा चार एकड़ जमीन में मिनी स्टेडियम जैसा खेल परिसर का विधिवत उद्घाटन विधायक द्वारा किया। विकल्प संस्था के डायरेक्टर प्रदीप सांसवाल द्वारा कार्यक्रम के सभी बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया।

### कमेटी सचिवों को चार्जशीट नहीं सस्पेंड किया जाना चाहिए : सिंह

**पाई।** भारतीय किसान यूनियन ने मार्केट कमेटी के सचिवों को चार्जशीट करने पर रोष प्रकट करते कहा कि यह एक घोटाला दबाने का प्रयास है, इनको चार्जशीट की बजाय सस्पेंड किया जाए। भाकियू के राष्ट्रीय सलाहकार अजीत सिंह हाबड़ी ने बताया कि जब आरोप लग गए हैं तो मार्केट कमेटी के सचिवों को चार्जशीट करने के बजाय सस्पेंड करना चाहिए था और उसके बाद नए सिरे से इस घोटाले की जांच की जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि यह सब सिर्फ सरकार इस धान घोटाले को दबाने के लिए कर रही है, जबकि किसानों की मांग है कि इस धान घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में यह घोटाला कई हजार करोड़ का है, जिसको सरकार दबाने का प्रयास कर रही है, क्योंकि इसमें संतरी से लेकर मंत्री तक सभी कि मिलीभगत है।

---

### प्राणायाम का अभ्यास किया

**कैथल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुन्तला दहिया ने बताया कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय आयुष विभाग हरियाणा द्वारा दिए गए निर्देशानुसार व डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में पांच मिनट का योग ब्रेक अनिवार्य रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। बताया कि कार्यालय में कार्य के दौरान लगातार बैठक की वजह से अधिकारी, कर्मचारियों को कमर दर्द, सर्वाइकल, मानसिक थकावट झेलनी पड़ती है। इसी थकावट को दूर करने के लिए एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा पांच मिनट का योग ब्रेक कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम की शुरुआत लघु सचिवालय में समाधान शिविर की बैठक के दौरान वीरवार को शुरू की गई। इसमें नगराधीश गुरविंद्र सिंह, व अन्य विभागों को उच्चाधिकारीगण शामिल होकर योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। लघु सचिवालय के स्टाफ एवं जिले भर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीएचसी, पीएचसी, स्कूल, आंगनबाड़ी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को पांच मिनट का योग अभ्यास करवाया गया।



कैथल। लघु सचिवालय के स्टाफ को योगासन करवाते विशेषज्ञ



कलायत। पत्रकारों से बातचीत करते विधायक विकास सहारण

### वोट चोर के मुद्दे को लेकर रैली 14 को होगी

**कलायत।** कलायत से कांग्रेस विधायक विकास सहारण ने कहा कि वोट चोर के मुद्दे को लेकर 14 दिसंबर को पार्टी द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली के माध्यम से देश-प्रदेश की जनता को जगाने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी। विकास सहारण बृहस्पतिवार को कलायत स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के साथ-साथ किसान, मजदूर, व्यापारी व समाज के विभिन्न वर्गों के साथ सरकार द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ की पोल खोली जाएगी। विधायक ने कहा कि गांधी परिवार का देश के विकास और राजनैतिक नेतृत्व देने में बड़ा योगदान है। बावजूद इसके भाजपा नेताओं द्वारा जिस प्रकार गांधी परिवार के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है उसकी हकीकत से जनता भली भांति वाकिफ है। गांधी परिवार के प्रति देश-प्रदेश की जनता का जुड़ाव हमेशा रहेगा। विधायक ने कहा कि सरकार को जनता के समक्ष सच्चाई का दर्पण साफ करने के लिए बेरोजगारी जैसे मामलों के आंकड़े रखने चाहिए।

### अभद्र व्यवहार करने पर जताया रोष

**जींद।** गांव ईगराह में भारतीय किसान यूनियन की बैठक जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार व जिला संरक्षक बारूराम की अध्यक्षता में हुई। जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार ने कहा कि आठ दिसंबर को भाकियू के पदाधिकारी गांव ईगराह में अमित के लोन वाले मकान के मुद्दे पर तहसीलदार से बातचीत करने के लिए गए थे। भाकियू पदाधिकारियों का आरोप है कि वहां तहसीलदार ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इस बारे वीरवार को गांव में बैठक की गई। इसमें फैसला लिया गया कि जब तक तहसीलदार सार्वजनिक तौर पर माफी नही मांगती और सरकार उसका तबादला नहीं करती तो भाकियू उसका विरोध करती रहेगी और भविष्य में भी आंदोलन कर सकती है। वहीं ईगराह गांव में अमित के लोन वाले मकान का मुद्दा है तो उस पर भाकियू बैंक व प्रशासन को चेतावनी देती है कि अगर कोई मकान को सील करने आया तो उसे बंधक बनाया जाएगा। इस अवसर पर जयबीर राजपुरा भैण, रामराजी पोंकरीखेड़ी, राजिंद्र पहलवान बीबीपुर, राममेहर लंबरदार, अमित ईगराह, जयपाल ईंटल खुर्द व महाबीर शर्मा भी मौजूद रहे।



जींद। बैठक करते भाकियू पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। व्याख्यान के दौरान अपनी बात रखते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### किनाना के सरकारी स्कूल में व्याख्यान आयोजित

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल और संगीत गायन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक व्याख्यान का आयोजन राजकीय वमावि किनाना में करवाया गया। इसमें लगभग 120 छात्र, छात्राओं ने भागीदारी की। व्याख्यान के तहत प्रमुख वक्ता की भूमिका संगीत विभाग से डा. क्यूटी एवं वाणिज्य विभाग से कीर्ति बंसल ने की। व्याख्यान में नवयुवकों को उद्यमिता एवं उद्यमिता के वर्तमान संदर्भ में नवीन आयाम की चर्चा की। जिसमें उन्होंने अनेक तरह के उदाहरण देकर अपने व्याख्यान को और भी रुचि पूर्ण बनाया। छात्र व छात्राओं के द्वारा इस सत्र में प्रश्न भी पूछे गए और अंत में विद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम कॉर्डिनेटर द्वारा हिंदू कन्या महाविद्यालय की टीम का धन्यवाद भी किया गया। छात्र व छात्राओं के द्वारा फीडबैक परफॉर्मा भरवा कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

---




उचाना। शिवानिया पब्लिक स्कूल में आयोजित हिंदी व्याकरण परीक्षा।

### आज प्रतियोगिता का युग : मलिक

**उचाना।** राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा स्थानीय शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी में हरियाणा गौरव पुरस्कार के चयन हेतु आयोजित राज्य स्तरीय हिंदी व्याकरण परीक्षा का आयोजन किया। तीसरी, चौथी कक्षा के 96 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना पिछले 27 वर्षों से हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार हेतु हिंदी व्याकरण परीक्षा का आयोजन पूरे राज्य स्तर पर करती आ रही है। आज का युग प्रतियोगिता का युग है। जिसमें बच्चों को अभी से तैयारी करना जरूरी है। हर क्षेत्र में बच्चों को किसी न किसी प्रतियोगिता का सामना करना पड़ता है। चाहे वह सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय में दाखिले की बात हो या फिर अन्य कोई ओर क्षेत्र बच्चों को प्रतियोगिता के माध्यम से ही आगे बढना पड़ेगा। इसलिए अब जरूरी हो गया है। परीक्षा के आयोजन के लिए सचिव विरेन्द्र कौशल मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा जूनियर सी वर्ग के लिए आयोजित की गई थी जिसमें कक्षा तीसरी व कक्षा चौथी के बच्चों ने भाग लिया। 30 मिनट की इस लिखित परीक्षा में 40 वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए थे।

# नशे के दुष्प्रभावों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। डोर टू डोर सर्वे करते हुए नशा मुक्ति टीम। फोटो :हरिभूमि

नशा मुक्ति टीम द्वारा किलाजफरगढ़ के एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल व गांव में डोर टू डोर सर्वे कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशा मुक्ति टीम के इचांर्ज उपनिरीक्षक नरेश कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य हो। पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाओ, नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहो। अगर गांव या आसपास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि नशा शरीर ही नही बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। आज के विद्यार्थी ही कल का भविष्य हैं। इसलिए नशामुक्त और स्वस्थ रहना ही देश की सुरक्षा व प्रगति की गारंटी है। इसके साथ ही उन्होंने साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आजकल अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।



कलायत। सरकारी स्कूल में शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की

**कलायत।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमामवि कलायत में कक्षा छठी से बारहवीं तक के 125 विद्यार्थियों को स्टाफ सदस्यों द्वारा सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए जर्सी और जूते उपहार स्वरूप भेंट किए गए। प्रधानाचार्य सुखदेव सिंह की अगुवाई में जन सेवा की यह लौ शिक्षकों ने जगाई। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिष्य सही मायने में शिक्षक के लिए अपने बच्चे की तरह होता है। इसके चलते विद्यार्थियों की देखरेख शिक्षक गंभीरता से करते हैं। इसी सोच को लेकर हाल ही में शिक्षकों की संयुक्त बैठक हुई। इसमें सर्व सम्मति से अपने स्तर पर राशि जुटाकर स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र व जूते देने का निर्णय लिया गया। विद्यार्थियों को सर्दी का उपहार देने पर अभिभावकों ने शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक के कंधों पर न केवल बच्चों की शिक्षा की जिम्मेवारी रहती है बल्कि वे संस्कारों का ज्ञान भी प्रदान करते हैं। इसके साथ ही अपने बच्चों की तरह वे विद्यार्थियों का ख्याल रखते है। परिणामस्वरूप शिक्षक के प्रति हर किसी का खास जुड़ाव रहता है।

---

**दिल्ली में 14 को वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली में भाग लेगा हर कांग्रेसी**

# रैली को लेकर प्रदेशवासियों में उत्साहः जयभगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस नेता जयभगवान गोयल।

कांग्रेस नेता जयभगवान गोयल, सज्जन, उदयवीर पूनिया, विजय कौशिक, राममेहर ने कहा कि 14 दिसंबर को वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है। यात्रा को लेकर प्रदेशभर से हजारों लोगों में उत्साह है और सभी अपने-अपने व्हीकलों से यात्रा में बढ़चढ़ कर भाग लेंगे।

कांग्रेस नेता जयभगवान गोयल, सज्जन श्योकंद गुरूवार को निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा सद्भावना यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा ने 26 हल्के पूरे कर लिए हैं। वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली को लेकर राहुल गांधी ने बुलाया है। यात्रा को लेकर वर्करों की ड्यूटी लगा दी गई है। हालांकि 14 दिसंबर को सद्भाव यात्रा का कार्यक्रम था, जिसे रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा जहां से भी गुजर रही है, वहीं लोगों का प्यार हो समर्थन मिल रहा है। युवा, महिलाएं, हर वर्ग के लोग यात्रा के माध्यम से जुड़ रहे हैं और कांग्रेस को मजबूत कर रहे हैं। आज बृजेंद्र सिंह की वजह से नए चेहरे कांग्रेस में आ रहे हे। बृजेंद्र सिंह ने सभी युवाओं को आह्वान किया है कि सभी वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली में बढ़चढ़ कर भाग लें। उन्होंने कहा कि आजकल बृजेंद्र सिंह को युवा रोल मॉडल के तौर पर देख रहे हैं। बृजेंद्र सिंह के पास युवाओं के फोन आ रहे हैं कि वो भी रैली में भाग लेंगे।

#### राहुल ने उठाया बहुत बड़ा मामला : सज्जन

इस रैली को लेकर सबसे ज्यादा उत्साहित नौजवान युवा वर्ग है। युवा, महिलाएं खुद पूछ रही हैं कि वह रैली में कैसे भाग ले सकती हैं। इसलिए प्रत्येक गांव से हर वर्ग में इस रैली में भाग लेने के लिए क्रेज है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का जो मामला राहुल गांधी ने उठाया है, वह बहुत बड़ा मामला है। अब लोग इस मामले को और ज्यादा जानना चाहते हैं। सब जानना चाहते हैं कि क्या है वोट चोरी। इसीलिए राहुल गांधी ने रैली करने का निर्णय लिया है। इस रैली में हरियाणा और पंजाब से भी बढ़ चढ़कर युवा भाग लेंगे। कहा कि बृजेंद्र सिंह उस समय सद्भावना यात्रा निकाल रहे हैं जब कोई कांग्रेस को मजबूत करने के लिए नहीं आया। बृजेंद्र सिंह ने सद्भावना यात्रा निकाल कर कांग्रेस को मजबूत बनाने में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। सद्भावना यात्रा के दौरान जो नए साथी कांग्रेस से जुड़े हैं, वह अपने खर्चे पर दिल्ली पहुंचेंगे। 26 के 26 हलकों से कार्यकर्ता दिल्ली रैली में भाग लेंगे। सद्भावना यात्रा को लेकर जींद में भी उत्साह रहा है।



नरवाना। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में वीरवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। जगदीश चंद्र ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं इसी कड़ी में वीरवार को नरवाना में भी उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ । बताया कि शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना हैए ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे। इस समाधान शिविर में पंचायत एवं खंड विकास विभाग से संबंधित दोए एक्स ई एन लोक निर्माण विभाग से एक शिकायतए नगर परिषद नरवाना से एक शिकायतए जन स्वास्थ्य विभाग से एक शिकायत प्राप्त हुई।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा में पर्यावरण का संकट चरम पर

**जींद।** हरियाणा में पर्यावरण का संकट चरम पर पहुंच चुका है। प्रदेश सरकार वन क्षेत्र बढ़ाने की बजाय उसे लगातार रिक्त कर रही है। जिससे आने वाली पीढ़ियां ऑक्सीजन की कमी से जूझने को मजबूर होंगी। वन कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश प्रधान राजकुमार श्योकंद ने सरकार से अपील की कि मौन, बधिरता और हवाई घोषणाएं छोड़िए। अगर सही मायनों में पर्यावरण बचाना है तो खाली पड़े एक हजार वन रक्षक पदों पर तुरंत भर्ती करें। फ्लॉप योजनाओं पर पैसा बर्बाद करना बंद करें।

### पंजाब निवासी दो महिला नशा तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा कलायत क्षेत्र से पंजाब निवासी दो महिला नशा तस्करों को काबू कर लिया गया, जिनके कब्जे से 28 किलो 830 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश चंद की अगुवाई में एएसआई संदीप कुमार की टीम गश्त दौरान कलायत कैंची चौक पर मौजूद थी। गुप्त सूचना मिली की कुछ देर पहले 2 महिलाएं ट्रक से कलायत आईटीआई के पास उतरी है, जो अपने साथ बैग में नशीला पदार्थ डोडापोस्त लिए है।

### दो युवाओं ने महिला का मोबाइल व नकदी छीनी

**कैथल।** कस्बा चीका के पिहोवा रोड से बाइक सवार दो युवक एक महिला का पर्स व फोन छीन कर फरार हो गए। चीका की अमरजीत कौर ने बताया कि 10 दिसंबर को जब वह दोपहर करीब 11:00 बजे रोड से जा रही थी तो बाइक सवार दो युवा उसका पर्स तथा उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। उसके पर्स में करीब 2000 की नकदी व अन्य दस्तावेज थे।

### शिक्षा को बर्बाद करने का काम कर रही भाजपा

**कैथल।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी राज्य सचिव मण्डल हरियाणा प्रदेश सरकार की स्कूली व उच्च शिक्षा को बर्बाद करने वाली शिक्षा नीति की कड़ी आलोचना करता है। राज्य सचिव प्रेम चंद ने कहा कि व्यक्तिगत विकास के अलावा समाज व राष्ट्र निर्माण के विकास में उच्च शिक्षा का होना महत्वपूर्ण है। इस दृष्टि के मद्देनजर सरकार द्वारा सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना मुख्य दायित्वों में एक आवश्यक काम बन जाता है।

### हिंदू स्कूल में 20 दिवसीय सांग कार्यशाला शुरू

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में 20 दिवसीय सांग कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के सहयोग से सीखने वाले कला प्रेमियों के लिए कार्यशाला निशुल्क है। कार्यशाला नरेन सांग रागनी नृत्य कला मंच द्वारा सिखाया जाएगा। नरेन सांग रागनी नृत्य कला मंच के निदेशक नरेन ने बताया हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग इनका आयोजन कर संस्कृति को ऊंचाइयों की तरफ ले जा रहा है।

### चोटें मारने के मामले में बेल जंपर आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ स्टाफ के एसआई सतीश कुमार द्वारा उद्घघोषित अपराधी कलायत निवासी अंकुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 9 जून 2017 को रेलवे रोड़ कलायत पर अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति से मारपीट करते हुए चोटे मारने का आरोप है। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था।

### कैथल में चोरों ने हजारों की नकदी चुराई

**कैथल।** ढांड पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। डडवाना के राम सिंह ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 दिसंबर को दोपहर परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर गए हुए थे तो चोर उसके घर का ताला तोड़ते हुए उसकी अलमारी में रखें 95000 की नकदी चुरा कर ले गए।

---

15 लाख क्विंटल गन्ना पिराई व 1.40 लाख क्विंटल चीनी उत्पादन का लक्ष्य

# जींद सहकारी चीनी मिल में गन्ना पिराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ

**पिछले सीजन में 9.94 लाख क्विंटल पिराई कर 8.87 प्रतिशत रिकवरी के साथ 88,150 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया**



जींद। शुगर मील में पहुंची गन्ने की ट्राली। फोटो : हरिभूमि



जींद। शुगर मील पिराई सत्र का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि



जींद। वीसी के माध्यम से संदेश देते मंत्री अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि



जींद। गन्ना लेकर पहुंचे किसानों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद सहकारी चीनी मिल में गन्ना पिराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ गुरूवार को विधिवत यज्ञ के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविन्द शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे और उन्होंने मिल के सफल, सुरक्षित एवं सुचारु संचालन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रुद्राक्ष मिड्ढा ने उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने वीसी के माध्यम से अपने संदेश में कहा कि गन्ना पिराई सत्र किसानों की आय, कृषि गतिविधियों तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना वर्तमान सरकार की नीति है। जिसके तहत हरियाणा सरकार द्वारा गन्ने के दाम में 15 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि करते हुए इसे 415 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है, जो पूरे देश में सबसे अधिक है। इससे राज्य के किसानों को सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। उन्होने कहा कि जींद सहकारी चीनी मिल में लगभग 250 अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत है तथा लगभग 1500 किसान इस मिल से जुड़े हुए हैं। मिल को कई बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त हो चुका है। पिछले सीजन में 9.94 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई कर 8.87 प्रतिशत रिकवरी के साथ 88,150 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया था। इस वर्ष मिल द्वारा 15 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई एवं लगभग 1.40 लाख क्विंटल चीनी उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस सीजन के लिए 16 लाख क्विंटल गन्ने की बांडिंग की गई है, जिसमें लगभग आधा हिस्सा अगेती किस्मों का है। शरदकालीन बिजाई 2010 एकड़ में की गई है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 512 एकड़ अर्थात 35 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष लगभग 200 नए किसान मिल से जुड़े हैं और आगामी पिराई सत्र में पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक गन्ना प्राप्त होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि गन्ना विकास योजना के तहत किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु 313 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। जिसमें से 280 लाख रुपये अनुदान राशि तथा 30.80 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण के रूप में निर्धारित किए गए हैं।

### किसानों को सम्मानित किया

शुगर मिल के एमडी प्रवीण कुमार ने बताया कि इस मिल का 41वां गन्ना पिराई सत्र है और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुभारम्भ हवन के साथ किया गया है ताकि संपूर्ण सत्र सुचारु, सुरक्षित और सफल रहे। उन्होंने बताया कि मिल में किसानों की सुविधाएं के लिए अटल किसान कैंटीन एवं किसान विश्राम गृह स्थापित किया गया है ताकि किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। मौजूदा राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र भी समय-समय पर उपलब्ध करवाए जाते है ताकि किसान की आमदनी में और ज्यादा बढ़ोतरी हो सके। कार्यक्रम के दौरान उन किसानों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने इस सत्र का पहला गन्ना मिल में पहुंचाया। इनमें राजपुरा भैण के अजमेर, आशीष कुमार, सूरजमल, रामदिया, बलजीत, अनूप, राजेश, रमेश, जयभगवान, पवन एवं सुरेश शामिल थे। इसके अतिरिक्त किसानों अजमेर और शमशेर को मिल प्रबंधन को सहयोग प्रदान करने हेतु सम्मानित किया गया।

# खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पुण्डरी में योग ब्रेक कार्यक्रम रहा सफल

- कर्मियों को प्राणायामों, ताड़ासन अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम का कराया अभ्यास



पूंडरी। योग ब्रेक कार्यक्रम मे भाग लेते अधिकारी एवं कर्मचारि। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, पुण्डरी में आयोजित बैठक के दौरान योग ब्रेक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजपाल राविश महोदय सहित कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों राजकुमार, जोगिन्दर, जयप्रकाश यादव, सुनील कुमार, ममता, मुकेश, रीना, नंदकौर आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायामों ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, अर्धचक्रासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास किया। यह संपूर्ण अभ्यास डॉ. शकुन्तला दहिया, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। योग ब्रेक के निर्धारित सिलेबस के अनुरूप अभ्यास करवाने का कार्य योग सहायकों सर्जन सिंह एवं विवेक कुमार द्वारा किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने दैनिक जीवन में योग को अपनाने तथा कार्यस्थल पर तनाव कम करने के एक प्रभावी माध्यम के रूप में योग को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।



कैथल। डीएसपी द्वारा कैमिस्टों की मीटिंग। फोटो :हरिभूमि

### डीएसपी ने कैथल के कैमिस्टों के साथ की मीटिंग

कैथल। नशे की रोकथाम के लिए एसपी उपासना द्वारा चलाए गए अभियान के चलते पुलिस लाइन में कैथल के कैमिस्टों की एक बैठक ली गई। जिसकी अध्यक्षता डी.एस.पी. सुशील प्रकाश व ड्रग इंस्पेक्टर चेतन वर्मा ने की। डी.एस.पी. ने कहा कि गांवों या शहर के किसी भी कोने में बिक रहे नशे को रोकने के लिए पुलिस ने पूरी तरह शिकंजा कस दिया है। उन्होंने कहा इसमें आप लोगों का सहयोग मिलना जरूरी है तभी नशे पर शत-प्रतिशत पाबंदी लगाई जा सकती है। इस बीच ड्रग अधिकारी चेतन वर्मा ने कहा कि कोई भी कैमिस्ट बिना डॉक्टर की पर्ची के नारकोटिक्स एक्ट के तहत आने वाली दवाइयां ना बेचे, उनका सेल- परचेज का रिकॉर्ड रखें। और बार-बार एक ही पर्ची पर भी दवाई देना गलत है। हर केमिस्ट की दुकान पर ए.सी. तथा सी.सी.टी.वी. कैमरे भी लगाए जाने लाजमी हैं। उन्होंने सभी कैमिस्टों को अपनी-अपनी दुकान में स्टॉक से संबंधित रजिस्टर लगाने की भी सलाह दी और कहा दवाइयों के स्टॉक से संबंधित पूरी तरह दुरुस्त रखें।




सीवन। सीवन के कन्या स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

### भाषाई विविधता व सांस्कृतिक एकता उत्सव मनाया

**सीवन।** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित रूपरेखा के अनुसार पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन में 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित भारतीय भाषा महत्व 2025 कार्यक्रमों का आज समापन समारोह हुआ। समापन दिवस पर विषय रहा अनेक भाषाएं — एक भावना, जिसमें छात्राओं ने देश की भाषाई विविधता, संस्कृति और एकता पर आधारित कई गतिविधियां प्रस्तुत कीं। विद्यालय के प्राचार्य धर्मपाल सहारण ने कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि भाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान की आधारशिला है और यह गतिविधियां विद्यार्थियों में भाषा संवेदनशीलता, विविधता के प्रति सम्मान तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त बनाती हैं। उन्होंने छात्राओं को भाषाओं और साहित्य के अध्ययन के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं के पोस्टर और चार्ट तैयार किए और भाषा आधारित प्रदर्शनी आयोजित की। शिवानी ने वर्णमाला प्रस्तुत की, आशू व नवनीत ने भाषा-लिपियों पर प्रदर्शन दिया।

# जीवन में समर्पण व विनम्रता ही महानता का पथ : लेखवार

- श्रीमद् भागवत में आज भक्ति, अध्यात्म और दिव्य अनुभूतियों से सरोबर दिखाई दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। सीवन में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह में उपस्थित श्रद्धालु।

गौशाला सेवा समिति के सदस्य कृष्ण वधवा बंसी वाले के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह के चौथे दिवस का पावन वातावरण आज भक्ति, अध्यात्म और दिव्य अनुभूतियों से सरोबर दिखाई दिया। कथा पंडाल में जैसे ही आचार्य विकास चन्द लेखवार ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म के मंगल प्रसंग से कथा का शुभारम्भ किया, पूरा परिसर अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। श्रद्धालुओं की आंखों की चमक और मन का उत्साह ऐसा था जैसे नंद बाबा के आंगन का उजाला सीवन में उतर आया हो। आचार्य ने बताया कि जब धरती पर अधर्म का अंधकार गहराया और धर्म की रक्षा आवश्यक हुई, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर विश्व को प्रेम, करुणा, सेवा और सत्य का अमर संदेश दिया। श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक पुरानी कथा नहीं बल्कि यह शाश्वत घोषणा है कि जब भी धर्म डगमगाता है, भगवान स्वयं कल्याण के लिए अवतरित होते हैं। जब आचार्य ने यशोदा के वात्सल्य, नंद बाबा के आनंद और देवकी-वसुदेव के त्याग का वर्णन किया, तो कई श्रद्धालुओं की आंखें भक्ति के अश्रुओं से भर उठीं। इसके उपरांत आचार्य ने भक्तवत्सल भगवान वामन अवतार का मार्मिक विवरण प्रस्तुत किया।

## एड्स एवं नशीले पदार्थों के खिलाफ जागरूकता सेमिनार

# युवा नशे को छोड खेलों के साथ जुडें : शमशेर फौजी

**प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल






कैथल। नगर पार्षद शमशेर फौजी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तथा सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

राजकीय आईटीआई कैथल में जिला स्तरीय एड्स एवं नशीले पदार्थों के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शमशेर सिंह मलिक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी नगर पार्षद शमशेर फौजी कैथल रहे। फौजी ने छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया कि आज नौजवानों में एक विशेष प्रकार का नशा पांव पसार रहा है जो मोबाइल के माध्यम से सोशल मीडिया के इस्तेमाल का है। सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल से आज नौजवान नशे व अन्य गलत संगतियों में पडने के कारण अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। सभी नौजवानों से मैं अपील करता हूं कि प्रतिदिन सुबह उठकर सैर करें व अपने जीवन में अच्छे आचरण के व्यक्तियों से संगत बनाते हुए प्रतिदिन सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें। उनके साथ कृष्ण शर्मा, रिटायर्ड व सोनिया सिविल हॉस्पिटल कैथल की ओर से एचआईवी एड्स विशेषज्ञ आईसीटीसी सेल व डॉक्टर प्रीति मेंटल हेल्थ विशेषज्ञ ने बच्चों को टोल फ्री नंबर व विभिन्न प्रकार के नशों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आपके घर परिवार में या आसपास कोई भी व्यक्ति यदि नशा करता है तो उसकी लत को छुडाने के लिए सरकार भी आगे आ रही है।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर एचआईवी/ एड्स व नशीले पदार्थों पर करवाई गई पेंटिंग प्रतियोगिता तथा डिबेट प्रतियोगिता व वाद विवाद प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सतीश सैनी वर्ग अनुदेशक, नरोत्तम, पवन कुमार, सुनील, उमेश धीमान, प्रदीप, रोहित, संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

## न्यूज डायरी



### बाल दुर्व्यवहार संरक्षण, चिंता नहीं चिंतन विषय पर सेमिनार

**जींद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना के तत्वावधान में सफीदों उपमंडल के पाजू कलां स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के किशोर विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों हेतु बाल दुर्व्यवहार संरक्षण, चिंता नही चिंतन विषय पर सेमिनार आयोजित किए गए। मुख्य वक्ता मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने संबोधित करते हुए कहा कि एक व्यावहारिक कहावत है चिंता नहीं चिंतन करो, समझने की जरूरत है। चिंतन एक सकारात्मक प्रक्रिया है जो सीखने और सुधार करने में मदद करती है। भविष्य की अनिश्चितताओं बारे अधिक सोचने से अतीत के नकारात्मक अनुभवों पर बार-बार ध्यान केंद्रित करती है।




### भारतीय भाषा उत्सव पर करवाई प्रतियोगिता

**राजौंद।** आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम के तहत विद्यालय में कई गतिविधियां आयोजित करवाई गई। कार्यक्रम का शीर्षक 'अनेक भाषा एक भाव' रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपनी भारतीय संस्कृति एवं विरासत को नई पीढ़ी के बालकों द्वारा पहचानने योग्य बनाना रहा। भारतीय संस्कृति को छात्रों तक रूबरू करवाने में काव्य, संगीत एवं नृत्य की विशेष भूमिका रहती है। इसी को लेकर 4 दिसंबर 11 दिसंबर तक भाषा सप्ताह के रूप में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दैनिक गतिविधियों निश्चित की गई। 4 दिसंबर एवं 5 दिसंबर को विद्यालय में भाषा वृक्ष एवं भाषा विरासत को प्रदर्शित करने वाली दीवार तैयार की गई।



### भाजपा ने ऐतिहासिक काम करके दिखाए : देवेंद्र अत्री

**उचाना।** कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह द्वारा विस चुनाव में कांग्रेस की हवा नहीं होने के बयान पर बोलते हुए भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि बृजेंद्र सिंह बिल्कुल सही बोल रहे है विस चुनाव में कांग्रेस की कोई हवा नहीं थी। प्रदेश में हवा थी बिना पर्ची, बिना खर्ची की दी गई भाजपा की नौकरियों की। बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी प्रदेश में देकर भाजपा ने इतिहास बनाने का काम किया। प्रदेश में भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक काम करके दिखाए है उसकी हवा चुनाव में थी। सद्भाव यात्रा सबको पता है ये कांग्रेस की यात्रा नहीं है बल्कि ये खुद को कांग्रेस में स्थापित करने के लिए निकाली जा रही यात्रा है। इस यात्रा का सदभाव से कोई लेना देना नहीं है। विपक्ष के पास मुद्दा नहीं है।




### विद्यार्थियों को कार्यक्रम में दी अधिकारों की जानकारी

**उचाना।** पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोधर के विद्यालय प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि के रूप में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट जींद मोनिका ने शिरकत की। स्कूल के विद्यार्थियों ने गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए मौलिक अधिकार विषय पर अपने भाषण प्रस्तुत किए, मोबाइल के दुरुपयोग पर भी नाटक का मंचन किया। विद्यालय प्राचार्य बटुकेश्वर दत द्वारा मुख्य अतिथि, उनकी जिला स्तरीय लीगल टीम का विद्यालय पधारने पर स्वागत और आभार व्यक्त किया। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मोनिका ने विद्यार्थियों को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के निर्वहन का भी आह्वान किया।



### डीएवी पब्लिक स्कूल में यज्ञशाला का उद्घाटन

**नरवाना।** डीएवी पब्लिक स्कूल को यज्ञशाला उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गयाए जिसके मुख्य अतिथि आर्य युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्रोत योगी सूरीए व उनकी अर्धांगिनी प्रिया सूरीए सचिव रमेश कुमार लीखा ने शिरकत की। विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने सभी अतिथियों का ढाकल गांव में एक बहुत ही शानदार रैली के माध्यम से नशा मुक्त प्रदेश बनाने के नारों से गूंजते हुएए पुष्प वर्षा कर तथा अमित ढाकल और अनिल कुंडू ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। लगभग तीन लाख से बनी हुई यज्ञशाला जिसका नाम महात्मा आनंद स्वामी यज्ञ तीर्थ रखा गया है इसका उद्घाटन आज योगी सूरी द्वारा किया गया।



### ध्रुव पब्लिक स्कूल पूंडरी के विद्यार्थी प्रथम स्थान पर

**पूंडरी।** ध्रुव पब्लिक स्कूल पूंडरी के विद्यार्थियों ने स्टेट यूथ फ़ेस्टिवल–2025 जो पंचकूला में आयोजित हुआ था। जिसमें स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी स्कूलों में प्रथम स्थान हासिल किया और अब उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है, जो हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्कूल में पहुंचने पर प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लो ने सभी विजेता छात्राओं का फूल-मालाओं व पुरस्कार राशि देकर सम्मान किया गया। प्रिंसिपल ढिल्लो ने बताया कि विद्यालय की पांच सदस्यीय टीम हितेशी, आराध्या, अनिका, मन्नत और सोनम ने "किचन वेस्ट से बायोप्लास्टिक" विषय पर एक अभिनव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया। विजेता टीम को 37,500 की राशि प्रदान की गई।

### एक व्यक्ती से अंगूठी लूटने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एक व्यक्ती से अंगुठी लुटने वाले 2 आरोपियों को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमरगढ गामड़ी कैथल निवासी महेंद्र सिंह की शिकायत अनुसार 22 अक्तुबर की सुबह करीब 8.30 बजे व जाट स्कूल ग्राउंड के पास मौजुद था। एक बाइक व एक स्कूटी पर आए लड़के उससे रास्ता पूछने लगे। तभी वह लड़के उसके हाथ में पहनी सोने की अंगूठी निकाल कर भाग गए। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी इंदिरा कालोनी रोहतक निवासी शमशेर व गुरजीत को नियमानुसार गिरफ्तार करके न्यायालय से 1 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपियों के कब्जे से 40 हजार रुपए बरामद किए गए। दोनों आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

